इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026

वर्ष 18 अंक 237 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी , उसमें अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।

-भगत सिंह

तापमान - अधिकतम 31.7°C (-7.8) न्यूनतम 23.0°C(-0.1) सेंसेक्स 76,913.50 (-582.86) निफ्टी 2[illegible],997.55 (+180.10) सोना 1,51,810 चांदी 2,50,000 मुद्रा - डॉलर 94.90 दिरहम 25.84 रियाल 24.30

पूर्व छात्रों ने साझा किए करियर और कैंपस के अनुभव

एरा विवि में एलुमनाई मीट 'रेमिनिसेंस 2026' का आयोजन

लखनऊ (सं)। एरा यूनिवर्सिटी में गुरुवार को चौथी एलुमनाई मीट-2026 'रेमिनिसेंस 2026' का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से जुड़े पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों, वर्तमान विद्यार्थियों और फैकल्टी के बीच मजबूत संवाद स्थापित करना तथा संस्थान से जुड़े रिश्तों को और सशक्त बनाना रहा। आयोजन में फैकल्टी ऑफ साइंस, फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च, एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग और एरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के एलुमनाई सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी ने एलुमनाई को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पेशे में सफलता पाने के लिए समर्पण, अनुशासन और निरंतर सीखते रहने की प्रवृत्ति बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने, हर दिन को चुनौती के रूप में स्वीकार करने और विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान का बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही सभी एलुमनाई को अगले वर्ष फिर से इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। एलुमनाई अनुभव सत्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को याद किया और बताया कि किस प्रकार यहां के शिक्षकों एवं शैक्षणिक माहौल ने उनके पेशेवर जीवन को दिशा दी। कई पूर्व छात्रों ने अपने करियर की सफलताओं का श्रेय एरा यूनिवर्सिटी की शिक्षा और मार्गदर्शन को दिया।

एलुमनाई वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रो-वाइस चांसलर प्रो. फरजाना महदी के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सेशन, अनुभव साझा करने और अनौपचारिक नेटवर्किंग के माध्यम से प्रतिभागियों के बीच आत्मीयता और जुड़ाव का माहौल बना रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि एरा यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र देश के कई प्रतिष्ठित अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों, मीडिया संगठनों और निजी संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।